Title: Need for construction of an overbridge at Bihata railway crossing in Arrah Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

श्री राम प्रसाद सिंह(आरा): मेरे निर्वाचन क्षेत्र में विहटा एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यहां एक इलाका बड़ा व्यावसायिक जगह है। कई एक महाविद्यालय है। कृिा बाजार समिति है और अनेक महत्वपूर्ण संस्थान हैं। मुगल सराय से पटना होकर अनेक रेल गाड़ियां इस स्टेशन से होकर जाती हैं। साथ ही रांची, डालटेनगंज, औरंगाबाद, पालीगंज, बारून, अखल, पाली होकर सैंकड़ों बसें, छोटी बड़ी गाड़ियों ट्रैक्टर बैलगाड़ी विहटा रेलवे क्रासिंग होकर पटना की ओर जाती हैं। रेलगाड़ियों का भारी संख्या में आवागमन के कारण रेलवे मुमटी बंद रहती है। यात्रियों और वाहनों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। फलस्वरूप कभी-कभी अप्रिय घटना हो जाती है।

अतः मैं भारत सरकार के माननीया रेल मंत्री जी से मांग करता हूं इस क्रासिंग गुमटी पर एक ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाये।